भारत सरकार एथिकल डायरेक्ट सेलिंग का पूर्ण रूप से सहयोग करेगी: रोहित कुमार सिंह

भास्कर समाचार सेवा

नई दिल्ली। शुक्रवार को दिल्ली के कॉन्स्टीट्यूशन क्लब में कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स कैट ने डायरेक्ट सेलिंग- एम्पावरिंग एंटरप्रोन्योर्स नाम से एक कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। जिसका उद्देश्य भारत में डायरेक्ट सेलिंग को बढ़ावा देने के साथ ही विशेष तौर पर महिलाओं और युवाओं को स्वरोजगार और आजीविका के साधनों में परोक्ष बढ़ोतरी करना है। कॉन्फ्रेंस में केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के सचिव रोहित कुमार सिंह के साथ ही कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल सहित डायरेक्ट सेलिंग से जुड़ी एडीएसईआई और एफडीएसए संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भी हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए रोहित कुमार सिंह ने डायरेक्ट सेलिंग को स्वरोजगार का एक बड़ा माध्यम बताया साथ ही भारत सरकार की तरफ से भी उनके लिए समर्थनकारी नीतियों

के निर्माण का भरोसा जताया। उन्होंने यह भी कहा, डायरेक्ट सेलिंग से जुड़ी कंपनियों प्रयास उपभोक्ताओं के हित में उचित मूल्य पर गुणवत्ता भरे उत्पादों की बिक्री होनी चाहिये। इसी मौके पर प्रवीण खंडेलवाल ने घोषणा की कि आगामी आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर कैट और डायरेक्ट सेलिंग एसोसिएशन मिलकर दिल्ली के इंदिरा गांधी इन्डोर स्टेडियम में डायरेक्ट सेलिंग विराट महिला उद्यमी महासम्मेलन का आयोजन करेंगे, वहीं एडीएसईआई के प्रेजिडेंट संजीव कुमार ने कहा कि भारत में डायरेक्ट सेलिंग का क्षेत्र फिलहाल अपने प्रारम्भिक स्तर पर ही है ऐसे में इसमें अपार संभावनाएं छुपी हुई हैं।